लखनऊ को मिलीं 1710 करोड़ की 180 परियोजनाएं

सौगात

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ के समग्र विकास के लिए नौ विभागों की 1710 करोड़ रुपये की 180 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें 90 परियोजनाओं का लोकार्पण और 90 का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर रक्षामंत्री ने कहा कि सीएम योगी ने विकास का चक्का जितनी तेजी से आगे बढ़ाने का काम किया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। ये सब देखते हुए विरोधियों के मुंह से आवाज नहीं निकलेगी।

चौक स्थित ज्योतिबा फुले मल्टीलेवल पार्किंग-पार्क में आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य लखनऊ को नंबर एक शहर बनाना है। मेरे सभी प्रयास उसी के लिए समर्पित हैं। योगी आदित्यनाथ यूपी के सीएम नहीं होते तो मैं लखनऊ में इतना काम नहीं कर पाता। हमने तय किया है कि ब्रह्मोस मिसाइल लखनऊ में बनाई जाएगी। सीएम ने अनुमान लगाया है कि इससे पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। लखनऊ में हर घर में पीएनजी गैस उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज देश में 90 फीसदी से ज्यादा ऐसे परिवार हैं, जो सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

रक्षामंत्री ने कहा कि 18वीं सदी में लखनऊ के विक्टोरिया स्ट्रीट की सड़क काफी चौड़ी थीं जो बाद में बदहाल हो गई। इसी बदहाल सड़क के ऊपर अब फ्लाईओवर का तोहफा मिला है।

> 50 लाख को आवागमन की सुविधा पेज 04

अपराधियों के लिए खौफ का दूसरा नाम हैं योगी: राजनाथ

रक्षामंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के लिए योगी आदित्यनाथ खौफ का दूसरा नाम हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते हुए कहा कि परमात्मा ने दो अक्षरों के नाम वाली 'मोदी-योगी' की जोड़ी बनाई है।

लखनऊ के चौक चौराहे पर मंगलवार को नए पुल का उद्घाटन करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे।